संसद सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 23 जनवरी, 2015: पूर्व उप-प्रधान मंत्री तथा लोक सभा की आचार समिति के सभापति श्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

नेताजी को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य, लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिष्ठितजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. एन.संजीव रेड्डी ने 23 जनवरी, 1978 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र का अनावरण किया था।